संख्या- 10 /2021/281/71-4-2021-एन-45/2012टी0सी0-3

प्रेषक

आलोक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में

निदेशक,
सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर
शैक्षणिक संस्थान, नोएडा।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ : दिनाँक 08 मार्च, 2021

विषय:- सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान, नोएडा में सत्र 2020-21 (प्रथम वर्ष) में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम0डी0 पीडियाट्रिक/माइक्रोबायोलॉजी तथा एम0सी0एच0 पीडियाट्रिक सर्जरी) प्रारम्भ किये जाने हेतु आवश्यक पदों का सृजन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एस0एस0पी0एच0पी0जी0टी0आई0, नोएडा/निदे0/ 250/2020 दिनांक 18.12.2020 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान, नोएडा में सत्र 2020-21 (प्रथम वर्ष) में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम0डी0 पीडियाट्रिक/माइक्रोबायोलॉजी तथा एम0सी0एच0 पीडियाट्रिक सर्जरी) प्रारम्भ किये जाने हेतु एकेडमिक सीनियर रेजिडेन्ट तथा एकेडमिक जूनियर रेजिडेन्ट के कुल 07 पदों को निम्नलिखित विवरणानुसार अस्थायी रूप से दिनांक 28-02-2021 तक के लिए बशर्ते इन पदों को इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाय, सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के अधीन प्रदान करती हैं कि संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रस्तावित पद मानकों तथा कार्यात्मक/वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप हैं:-

क्र0सं0	कोर्स का नाम	पदनाम	पदों की संख्या	वेतनमान
1	एम0डी0 पीडियाट्रिक	एकेडमिक जूनियर रेजिडेन्ट	03	लेविल-10 , रू0 56100-177500
2	एम0डी0 माइक्रोबायोलॉजी	एकेडमिक जूनियर रेजिडेन्ट	03	
3	एम0सी0एच0 पीडियाट्रिक सर्जरी	एकेडमिक सीनियर रेजिडेन्ट	01	लेविल-11 , रू0 76700-208700
		कुल योग	07	

2- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 संस्थान की स्थापना-31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन) के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त् विभाग के अशासकीय संख्या–ई-3/ 77 /दस-2020, दिनांक 05 मार्च, 2021 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या:- 10 /2021/ 281/(1)/71-4-2021 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान, नोएडा।
3-कोषाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
4- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
5- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in